# स्थाई कुंभ सिटी की योजना पर अधिकृत मुहर

- विकास प्राधिकरण में बुधवार को हुई बोर्ड बैठक
- होटल हब 56 दुकान का सीएम करेंगे भूमि पूजन
- मॉल का भी होगा लोकार्पण
- किसानों के दावे आपत्तियो को एजेंडे में किया शामिल

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. महाकुंभ 2028 की तैयारी के मद्देनजर विकास प्राधिकरण द्वारा स्थाई कुंभ सिटी की योजना लंबे समय से तैयार की जा रही थी, इस पर बुधवार को बोर्ड बैठक में अधिकृत मोहर लगा दी गई है. लगभग 10 हजार करोड रुपए की राशि से यह योजना किसानों की जमीन पर आकार लेगी.**

नवभारत को मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को संभाग आयुक्त व सह प्राधिकरण अध्यक्ष संजय गुप्ता की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक संपन्न की गई, जिसमें सभी अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे, यूडीए सीईओ संदीप सोनी ने स्थाई कुंभ सिटी को लेकर पूरी जानकारी उपलब्ध कराई.



### मुख्यमंत्री करेंगे शिप्रा विहार में भूमि पूजन और मॉल का लोकार्पण

विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 11 जुलाई को उज्जैन विकास प्राधिकरण की दो योजनाओं के कार्यक्रम में शामिल होंगे, शिप्रा विहार में होटल हब के तहत एक शानदार स्कीम बनाई गई है, जो उज्जैन को आगे बढ़ाने में मददगार साबित होगी साथ ही 56 दुकान इंदौर की तर्ज पर उज्जैन में भी 56 दुकानों के लिए प्लाट विक्रय किए जाएंगे, इन दोनों योजनाओं का भूमि पूजन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा किया जाएगा, साथ ही नानाखेड़ा पर आवासीय एवं व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया गया है इसका भी लोकार्पण सीएम डॉ यादव करेंगे.



### सिंहस्थ पर रहा फोकस

विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने संभाग आयुक्त से लेकर कलेक्टर रोशन सिंह व नगर निगम से लेकर टी एन सी पी के अधिकारियों को बताया कि सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर लैंड पुलिंग योजना के तहत किसानों से 50% जमीन ली जाकर स्थाई कुंभ सिटी विकसित की जा रही है. ऐसे में पूरा प्लान तैयार किया गया है, जिन बिंदुओं का समावेश योजना के तहत किया गया उस पर बोर्ड बैठक में अधिकारियों ने मोहर लगा दी.

### दावे-आपत्तियों को एजेंडे में किया शामिल

बोर्ड बैठक में सिर्फ सिंहस्थ पर फोकस किया गया, अन्य आवासीय और व्यावसायिक योजना पर चर्चा नहीं की गई, इसके लिए प्रथक से बोर्ड की बैठक की जाकर निर्णय लिया जाएगा अगली तिथि पर एक और बोर्ड बैठक होगी. हाल फिलहाल सिंहस्थ के लिए बनाई जा रही स्थाई कुंभ सिटी के तहत किसानों की जो 50% जमीन ली जा रही है उसमे आये दावे-आपत्तियों को भी एजेंडे में शामिल किया गया है.

## पटना-दिल्ली इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली, 9 जुलाई.** पटना से दिल्ली जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट (6ई-5009) में बुधवार को उड़ान भरते ही बर्ड हिट की घटना हुई, जिसके बाद पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए पटना एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग कराई. विमान में 169 यात्री सवार थे. जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई. एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार पायलट की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया, सभी यात्री सुरक्षित हैं. यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और वैकल्पिक उड़ानों की व्यवस्था की गई. इससे एक दिन पहले मंगलवार (8 जुलाई) को दिल्ली से पटना आने वाली फ्लाइट में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिससे उड़ान करीब सात घंटे तक टल गई.

## पेज एक का शेष

### कारवाई क्यों नहीं करते ?

पीडब्ल्यूडी विभाग के इंजीनियरों पर प्रदेश सरकार और प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों पर कारवाई क्यों नहीं करते ? प्रदेश में पीडब्ल्यूडी द्वारा ओवर ब्रिज निर्माण में भयानक तकनीकी गलतियों पर गलतियां की जा रही है. गलतियां सुधारने में करोड़ों रुपए का जनता के पैसे का नुकसान हो रहा है. मौत और दुर्घटना के ब्लैक स्पॉट के निर्माण पर निर्माण किए चले जा रहे है. इंदौर में न कंपनिया ब्लैक लिस्टेड हो रही है और ना ही ब्रिज इंचार्ज इंजीनियर को निलंबित किया जा रहा है.




# 10 दिन में पूरा करें विजन डाक्यूमेंट का काम

## अनौपचारिक कैबिनेट में सीएम ने मंत्रियों को दिया अल्टीमेटम

**12** जुलाई को लाड़ली बहना को राशि अंतरित करेंगे मुख्यमंत्री | **250** रुपए अतिरिक्त रक्षाबंधन मनाने के लिए मिलेंगे

- अगले माह बहनों को मिलेंगे 1500 रुपए
- बीआरटीएस हटाने के परिणाम सुखद

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 9 जुलाई. राज्य सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले बनाये गये विजन-2023 को लेकर विधानसभावार विजन डाक्यूमेंट भी तैयार करने के निर्देश दिये थे, जिससे कि विधानसभा क्षेत्र में मौजूद संसाधन और सुविधा को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के विकास के लिए रोडमैप तैयार किया जा सके, लेकिन अब तक सभी विधानसभा क्षेत्रों के विजन डाक्यूमेंट नहीं मिल सके हैं.**

इसे लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की अनौपचारिक बैठक में नाराजगी जाहिर की है. उन्होंने मंत्रियों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि वे अपने- अपने प्रभार के जिलों का इसी सप्ताह दौरा करें और बाकी रह गई विधानसभा के विजन डाक्यूमेंट बनाने का काम 10 दिन में पूरा करें.

अगले माह एक करोड़ 27 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को 1250 रुपए के साथ रक्षाबंधन मनाने 250 रुपए भी मिलेंगे. इस



तरह अगस्त में 1500 रुपए की राशि मिलेगी, वहीं इस माह 12 जुलाई को राशि अंतरित की जायेगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बीआरटीएस हटने से हादसों में 51 प्रतिशत और मृत्यु में 70 प्रतिशत तक की कमी आई है. यह मप्र सरकार के जनहित में लिए गए निर्णयों के सुचारू क्रियान्वयन का सुखद परिणाम है.

राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पौधा भेंट किया और बताया कि जाति प्रमाण-पत्र में आंशिक त्रुटि होने के कारण गत दिवस एमपीपीएससी से चयनित 2 अभ्यार्थियों की जॉइनिंग में परेशानी आ रही थी. मुख्यमंत्री द्वारा कलेक्टर को निर्देशित किये जाने पर उन दोनों अभ्यर्थियों को समय पर जाति प्रमाण-पत्र मिल गया और अब उन्होंने अपने नए पद पर ज्वाइन कर लिया है.

इस प्रसंग का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी मंत्रीगण और वरिष्ठ अधिकारियों से कहा कि वे सभी जरूरतमंदों को जाति प्रमाण-पत्र की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए समुचित व्यवस्था करें. सिर्फ जाति प्रमाण-पत्र के अभाव या इसमें आंशिक त्रुटि के कारण किसी को भी परेशान न होना पड़े.

### मप्र का कुलगुरू नवाचार दिल्ली जेएनयू को भाया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मप्र सरकार के एक नवाचार को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने भी अपना लिया है. मध्यप्रदेश की तरह जेएनयू दिल्ली में भी कुलपति अब कुलगुरु के नाम से जाने जाएंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई को है. इस दिन प्रदेश के सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालय में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इन कार्यक्रमों में जिले के प्रभारी मंत्री भी प्रमुखता से शामिल होंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भोपाल शहर में कमला नेहरू स्कूल यानी सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण किया जायेगा.

### सीएम 13 से 19 जुलाई तक करेंगे दुबई और स्पेन की यात्रा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र का एक प्रतिनिधिमंडल 13 से 19 जुलाई के दौरान दुबई और स्पेन की यात्रा पर रहेगा. इस दौरान प्रतिनिधिमंडल व्यावसायिक बैठकों और विभिन्न कंपनियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग भी करेगा. उन्होंने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य प्रमुख क्षेत्रों में निवेश प्राप्त करना, प्रौद्योगिकी के पारस्परिक हस्तांतरण और अंतर्राट्रीय बाजारों तक अपनी पहुंच बनाना, रोजगार के नए अवसर सृजित करने एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में और अधिक इजाफा करना है.




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7390/60